DHCS
CALIFORNIA DEPARTMENT OF HEALTH CARE SERVICES
Michelle Baass | Director

Medi-Cal

प्रिय Medi-Cal सदस्य,

31 अगस्त, 2026

यह पत्र आपको दो नए फ़ेडरल नियमों के बारे में बताता है जिन्हें कांग्रेस और राष्ट्रपति Trump ने लागू किया था। वे अगले साल (**2027** में) आप पर लागू होंगे और उन्हें कहा जाता है:

कार्य और सामुदायिक सहभागिता नियम और **6 महीने का रिन्यूअल नियम।**

हम आपको अभी जानकारी भेज रहे हैं, लेकिन ये नियम मार्च 2027 तक लागू नहीं होंगे। आपको इन नियमों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त होगी।

कार्य और सामुदायिक सहभागिता नियम

इस नियम के अनुसार, 19-64 वर्ष की आयु के वयस्कों को Medi-Cal का लाभ लेते रहने के लिए काम, स्वयंसेवा, पढ़ाई, जॉब-ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल होना या आय होना जरूरी होगा।

तो आपको इस नियम से छूट दी जा सकती है, अगर आप:

- आपको कोई गंभीर, जटिल या लंबे समय से चली आ रही स्वास्थ्य समस्या है, जिसके कारण आप इस नियम का पालन नहीं कर सकते।
- ऐसी गंभीर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या है, जिसके कारण आप इस नियम की आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकते।
- आप वर्तमान में गर्भवती हैं या पिछले 12 महीनों में गर्भवती थीं, या प्रसव के बाद की देखभाल पाने के लिए पात्र हैं।
- 13 वर्ष या उससे कम उम्र के बच्चे के माता-पिता, अभिभावक या देखभालकर्ता हैं।
- CalWorks की कार्य संबंधी आवश्यकता को पूरा कर रहे हैं।
- CalFresh का लाभ ले रहे हैं और CalFresh कार्य संबंधी कार्यक्रम से छूट नहीं मिली है।
- आप किसी विकलांग व्यक्ति या गंभीर चिकित्सीय या मानसिक स्वास्थ्य स्थिति वाले व्यक्ति की देखभाल करते हैं।
- ऐसी विकलांगता है,जिसके कारण आप इस नियम की आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकते।
- आप दवाओं का ज़रूरत से ज़्यादा या गलत इस्तेमाल करते हैं, शराब की वजह से इलाज करा रहे हैं या आपको इलाज कराने के लिए कहा गया है।
- आप पूरी तरह से (पूर्णतया) विकलांग पूर्व सैनिक हैं।
- अपने 18 वें जन्मदिन पर फोस्टर केयर में थे और आपकी उम्र 26 से कम है।
- अमेरिकी भारतीय हैं या अलास्का के मूल निवासी हैं।

- जेल या कैद में हैं।

अगर आपके रिन्यूअल के महीने में ऊपर बताई गई कोई भी स्थिति लागू नहीं होती, **तब भी आप नियम की आवश्यकताएँ पूरी करके Medi-Cal रख सकते हैं जारी रख सकते हैं, बशर्ते कि आपके पिछले रिन्यूअल के बाद के किसी भी महीने में आपने नीचे दी गई कोई भी शर्त पूरी की हो:**

- आपकी उम्र 19 वर्ष से कम थी।
- आप Medicare Part A के लिए पात्र थे या नामांकित थे, या Medicare Part B में नामांकित थे।
- आपको पिछले 90 दिनों के भीतर जेल या कैद से रिहा किया गया था।
- आपको अस्पताल, नर्सिंग सुविधा केंद्र या मनोरोग सुविधा केंद्र में देखभाल मिली।
- आपने किसी गंभीर चिकित्सा स्थिति का इलाज करवाने के लिए अपने क्षेत्र से बाहर यात्रा की।
- आप बहुत अधिक बेरोजगारी वाले काउंटी में रहते थे, या फ़ेडरल प्राकृतिक आपदा से प्रभावित काउंटी में रहते थे। अगर इनमें से कोई एक आपके काउंटी पर लागू होता है, तो हम आपको एक और नोटिस भेजेंगे।
- आपको पेज 1 पर बताए गए किसी भी कारण से इस नियम से छूट दी गई थी।

हम आपके बारे में पहले से मौजूद जानकारी का उपयोग यह निर्धारित करने के लिए कर सकते हैं कि ऊपर सूचीबद्ध एक या अधिक कारण आप पर लागू होते हैं या नहीं। अगर हम ऐसा कर पाते हैं, तो आपको एक नोटिस मिलेगा, जिसमें बताया जाएगा कि आपको कार्य और सामुदायिक सहभागिता नियम से छूट दी गई है। इस नोटिस में यह भी बताया जाएगा कि आप अपना Medi-Cal जारी रख सकते हैं और आपको आगे कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं है।

अगर हमारे पास ऊपर दिए गए कारणों में से किसी के आधार पर आपको छूट देने का निर्णय खुद लेने के लिए पर्याप्त जानकारी नहीं है, तो आपको ऐसी जानकारी देने का अवसर मिलेगा, जिसके आधार पर आपको इस नियम से छूट मिल सकती है।

इस नियम को पूरा करने के तरीके

अगर Medi-Cal को रिन्यू कराते समय ऊपर दिए गए कारणों में से कोई भी आप पर लागू नहीं होता है, तो **आप नीचे दी गई चीज़ों में से कोई एक या एक से ज़्यादा चीज़ें करके** आप यह नियम पूरा कर सकते हैं:

- **पिछली बार रिन्यू कराने के बाद से किसी भी महीने में किसी भी स्रोत से कम-से-कम $580 (टैक्स कटने से पहले) कमाए हों।**
  - जिन लोगों के काम के घंटे बार-बार बदलते रहते हैं या जिनके पास मौसम के अनुसार काम होता है, उनकी 6 महीनों में किसी भी स्रोत से कम से कम $580 प्रति माह औसत आय हो सकती है।
- **पिछली बार रिन्यू कराने के बाद से किसी भी महीने में कोई भी काम किया हो**, स्वयं सेवा सेवा की हो या नौकरी-प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग हिस्सा लिया हो और इन सबको मिलाकर **कम-से-कम 80 घंटे पूरे किए हों।**
- **पिछली बार रिन्यूअल के बाद से किसी भी महीने में कम-से-कम अंशकालिक तौर पर स्कूल गए हों।**

- जो लोग अंशकालिक अवधि से कम स्कूल जाते हैं, वे 80 घंटे की आवश्यकता को पूरा करने के लिए अपनी कक्षा और स्कूल की गतिविधियों में बिताए समय को काम, सामुदायिक सेवा या नौकरी के प्रशिक्षण के घंटों में जोड़ सकते हैं।

अब आपको कुछ भी करने की ज़रूरत नहीं है। आपको 2027 से शुरू होने वाले इस नियम को पूरा करना शुरू करना होगा। यह साल समाप्त होने से पहले, आपको इस बारे में अतिरिक्त जानकारी प्राप्त होगी कि आपके क्षेत्र में कौन सी नौकरी, स्वयंसेवक, सामुदायिक सेवा और स्कूल के अवसर उपलब्ध हैं।

6 महीने का रिन्यूअल नियम

यह नियम जनवरी 2027 से यह नियम लागू होगा, जिसके अनुसार 19-64 वर्ष की आयु वाले वयस्कों की Medi-Cal पात्रता हर 6 यह नियम जनवरी महीने में रिन्यू की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अभी भी इसके लिए पात्र हैं।

आपको इस नियम से छूट दी जाएगी, अगर आप:

अमेरिकी भारतीय हैं या अलास्का के मूल निवासी हैं।
आप वर्तमान में गर्भवती हैं या पिछले 12 महीनों में गर्भवती थीं, या प्रसव के बाद की देखभाल पाने के लिए पात्र हैं।
अपने 18 वें जन्मदिन पर फोस्टर केयर में थे और आपकी उम्र 26 से कम है।

आप अपना Medi-Cal खो सकते हैं
Medi-Cal को जारी रखने के लिए, आपको कार्य और सामुदायिक सहभागिता नियम को पूरा करना होगा और हर 6 महीने में अपनी Medi-Cal पात्रता की जांच करवानी चाहिए – *जब तक कि **ऊपर बताए अनुसार** आपको इस नियम से छूट न मिली हो।*

अगर आप ये नियम पूरे नहीं कर पाते हैं, तो आपको लिखित नोटिस भेजा जाएगा, जिसमें बताया जाएगा कि Medi-Cal समाप्त होने से पहले आपको क्या करना है। आपको नोटिस में यह भी बताया जाएगा कि अगर आप निर्णय से सहमत नहीं हैं, तो क्या करना चाहिए, जिसमें अपील करने का आपका अधिकार भी शामिल है।

अगर आप इन नियमों को पूरा नहीं करने के कारण Medi-Cal खो देते हैं, तो आपको Covered California के माध्यम से स्वास्थ्य योजना के लिए भुगतान करने के लिए वित्तीय सहायता नहीं मिलेगी। इसका मतलब है कि आपको नए स्वास्थ्य बीमा की पूरी लागत का भुगतान स्वयं करना होगा।

आप किसी भी समय दोबारा Medi-Cal के लिए आवेदन कर सकते हैं। अगर आपको लगता है कि कोई गलती हुई है या आपकी स्थिति बदल चुकी है, तो मदद के लिए अपने काउंटी Medi-Cal कार्यालय से संपर्क करें। उनका फ़ोन नंबर और पता जानने के लिए यहाँ जाएँ: dhcs.ca.gov/COL.

अब आपको क्या करना है

सुनिश्चित करें कि आपके काउंटी Medi-Cal कार्यालय में आपकी मौजूदा संपर्क जानकारी है। इसमें एक डाक पता, टेलीफ़ोन नंबर और ईमेल पता शामिल है। यह बहुत महत्वपूर्ण है। आपका काउंटी Medi-Cal कार्यालय आपको इन नियमों के बारे में अधिक जानकारी डाक, ईमेल या टेक्स्ट के ज़रिए भेजेगा।

BenefitsCal से जुड़े रहें

हम BenefitsCal.com पर अकाउंट बनाने की सलाह देते हैं। BenefitsCal एक आधिकारिक वेबसाइट है जहाँ आप अपने लाभों और दस्तावेज़ों पर नज़र रख सकते हैं, फ़ॉर्म भर सकते हैं, जानकारी में हुए बदलाव बता सकते हैं, दस्तावेज़ अपलोड कर सकते हैं, नोटिफ़िकेशन पढ़ सकते हैं, और बहुत कुछ कर सकते हैं। आप "ऑप्ट इन" करके टेक्स्ट और ईमेल मैसेज पाने का विकल्प चुन सकते हैं, जिससे Medi-Cal को एक्टिव रखने के लिए आवश्यक नवीनतम जानकारी मिलती रहे।

आपके काउंटी का Medi-Cal कार्यालय आपसे रिन्यूअल फ़ॉर्म, पे-स्लिप और कुछ अन्य चीज़ें माँग सकता है। **यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी डाक या BenefitsCal में मिले मैसेज का जवाब दें और अपनी जानकारी समय पर जमा करें, ताकि आपके Medi-Cal खोने का जोखिम न रहे।** आप अपने काउंटी के Medi-Cal कार्यालय से मदद भी माँग सकते हैं।

California के कानून निर्माताओं ने इन नए नियमों में आपकी मदद करने के लिए नए संसाधनों की व्यवस्था की है। इस साल के समाप्त होने से पहले हम आपको इन नियमों से जुड़ी अतिरिक्त जानकारी और मदद के लिए संसाधन भेजेंगे। इसमें ऐसी वेबसाइट्स शामिल होंगी जो वेतन वाले या स्वयंसेवी काम खोजने, नौकरी-प्रशिक्षण के बारे में जानने या दाखिले के लिए उपलब्ध स्कूलों की जानकारी पाने में आपकी मदद करेंगी और भी काफी कुछ मिलेगा।

सवाल हैं?

- कॉल करें या अपने काउंटी Medi-Cal कार्यालय जाएं। फ़ोन नंबर और पता जानने के लिए यहाँ जाएँ: dhcs.ca.gov/COL.
- ऑनलाइन देखें: www.dhcs.ca.gov/workrules
- Medi-Cal Helpline पर कॉल करें: (800) 541-5555।
- फ़ॉर्म भरने, बदलावों की रिपोर्ट करें, अपने लाभों को मैनेज करने, दस्तावेज़ अपलोड करने, नोटिफ़िकेशन पढ़ने, और भी काफी कुछ करने के लिए BenefitsCal अकाउंट बनाएं या BenefitsCal पर लॉग इन करें: BenefitsCal.com.

धन्यवाद,

Department of Health Care Services
California राज्य